tendering in unqualified apology failing which further legal action will be initiated against them.

गुजरात में ट्रांसमीटरों का अधिष्ठापन

864. **श्रीमती आनन्दीबेन जेठाभाई पटेल** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गुजरात में 1991–92, 1992-93 और 1993–94 के दौरान, जिला वार,, कौन-कौन से स्थानों पर दूरसंचार माइक्रोवेव ट्रांसमीटर लगाये गये हैं ;

(ख) अन्य जिलों में उन्हें अधिष्ठापित न करने के कारण क्या हैं ;

(ग) क्या इन सभी ट्रांसमीटरों की क्षमता एक समान है;

(घ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ;

(ङ) क्या सरकार आगामी तीन वित्तीय वर्षों में गुजरात में इन ट्रांसमीटरों को लगाने का विचार रखती है;

(च) यदि हां, तो इस प्रयोजन हेतु किन-किन जिलों का चयन किया गया है;

(छ) क्या सरकार आगामी तीन वित्तीय वर्षों में गुजरात के सभी जिलों में स्वचालित दूरभाष केन्द्रों की स्थापना करने का भी विचार रखती है ; और

(ज) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) ब्यौरे अनुपत्र में दिए गए हैं। [**देखिए परिशिष्ट 172, अनुपत्र सं० 23**]

(ख) पालनपुर (बानसकांठा) को छोड़ कर अन्य सभी जिले माइक्रोवेव प्रणालियों से जोड़ दिए गए हैं। यह जिला कोएक्सियल/ऑप्टिकल फाइबर प्रणाली से जुड़ा हुआ है।

(ग) जी नहीं।

(घ) ब्यौरे अनुबंध में दिए गए हैं। [**देखिए परिशिष्ट 172, अनुपत्र सं० 23**]

(ङ) जी, हां। आने वाले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान गुजरात में और अधिक ट्रांसमीटर संस्थापित करने का प्रस्ताव है।

(च) इस उद्देश्य के लिए सभी जिलों का चयन कर लिया गया है।

(छ) इस समय गुजरात के सभी एक्सचेंज आटोमेटिक हे। इसके बाद केवल आटोमेटिक एक्सचेंज ही संस्थापित किए जा रहे हैं।

(ज) प्रश्न नहीं उठता।

गुजरात में एस०टी०डी० सुविधाएं

865. **श्रीमती उर्मिला चिमनभाई पटेल** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वर्ष 1995 और 1996 के दौरान गुजरात में सभी स्थानों पर एस० टी० डी० सुविधा उपलब्ध करा दी जायेगी; और

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?